आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–21 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गौतमबुद्धनगर के जेवर में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास किया। शिलान्यास स्थल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह यूनिट देश की सेमीकंडक्टर यात्रा और प्रौद्योगिकी आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में एचसीएल फॉक्सकॉन की संयुक्त उद्यम परियोजना इण्डिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से इस यूनिट में तीन हजार सात सौ करोड़ रूपये का निवेश प्रस्तावित है। एक रिपोर्ट–

3,700 करोड़ से अधिक के कुल निवेश वाली यह परियोजना घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने, आयात पर निर्भरता कम करने और मजबूत ग्लोबल सप्लाई चेन बनाने के सरकार के प्रयासों के अनुरूप है। यह सुविधा मोबाइल फोन, टैबलेट, लैपटॉप, ऑटोमोटिव, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उपकरणों जैसे प्रमुख उद्योगों को सहयोग प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके माध्यम से भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को एक बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को बढ़ावा मिलेगा। इस सुविधा से इंजीनियरों, टेक्नीशियन और प्रोफेशनल्स के लिए हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, राज्य सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सुनील शर्मा, सांसद महेश शर्मा और सुरेन्द्र नागर भी मौजूद रहे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मेरठ आयेंगे। वह दोपहर में करीब साढ़े बारह बजे, शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे तथा यहां से मेरठ साउथ स्टेशन तक मेट्रो का सफर करेंगे। दोपहर लगभग एक बजे, प्रधानमंत्री मेरठ में लगभग बारह हजार नौ सौ तीस करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मेरठ पहुंच कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिये।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को क्षतिपूर्ति राशि के चेक वितरित किये। इस अवसर पर फसल बीमा योजना के तहत दो लाख इक्यावन हजार किसानों को दो सौ पचासी करोड़ की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया गया जबकि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के माध्यम से तीन हजार पांच सौ लाभार्थी परिवारों को एक सौ पचहत्तर करोड़ रूपये की सहायता राशि प्रदान की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले आपदा आने पर वर्षों तक पीड़ितों को कोई पूछता नहीं था, उन्हें क्षतिपूर्ति नहीं मिल पाती थी। पर आज कोई भी आपदा हो, सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी नजर आती है।

कोई भी आपदा आती है, तो हमारा प्रयास होता है कि 24 घंटे के अंदर पीड़ित के खाते में पैसा पहुंच जाए। बाढ़ हो या आकाशीय बिजली आगजनी की घटना हो या कोई अन्य प्रकार की ऐसी आपदा हो और 25–26 में हम लोगों ने राज्य आपदा मोचन निधि में 576 करोड़ रूपये आवंटित किये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बागपत, शामली, कासगंज और भदोही के उप निदेशक कृषि कार्यालय तथा मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं और लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो का शिलान्यास भी किया। साथ ही उन्होंने आपदा मित्रों को पांच–पांच लाख रूपये की जीवन बीमा पालिसी भी प्रदान की। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख और उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी भी मौजूद रहे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में सेवारत शिक्षामित्रों को अट्ठारह हजार रूपये और अनुदेशकों को सत्रह हजार रूपये मासिक मानदेय दिये जाने की घोषणा की है। कल विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में शिक्षामित्रों को तीन हजार रूपये मानदेय दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर दस हजार रूपये किया गया था। अब अप्रैल से शिक्षामित्रों को अट्ठारह हजार रूपये और अनुदेशकों को सत्रह हजार रूपये दिये जायेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिन में ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ इकतीसवां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूजऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

****

गुयाना के उप राष्ट्रपति डॉक्टर भरत जगदेव ने आज अयोध्या पहुंच कर प्रभु रामलला का दर्शन पूजन किया। उन्होंने श्रीराम मंदिर परिसर में बने अन्य मंदिरों में भी जाकर शीश झुकाया। गुयाना के उप राष्ट्रपति ने तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय के साथ मन्दिर परिसर का भ्रमण किया, निर्माण की भव्यता निहारी और दिव्यता को आत्मसात किया।

****